**SET-3**

**Series ZZYY1/5**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **21** printed pages +**1** Map.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*


https://www.evidyarthi.in/

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र **छ:** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों में लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस–आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के साथ 3 – 3 उप–प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** में प्रश्न संख्या **37** मानचित्र–आधारित है । यह प्रश्न **5** अंक का है, जो कि इतिहास से (**37 (क)** – **2** अंक) तथा भूगोल (**37 (ख)** – **3** अंक) से संबंधित है ।*

*(ix)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प** का उत्तर लिखिए ।*

*(x)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पीय प्रश्न) *(20×1=20)*

**1.** तालिका में दिए गए आँकड़ों का पठन कीजिए और देश A की औसत मासिक आय ज्ञात कीजिए । सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| दो देशों के नागरिकों की मासिक आय (रुपयों में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | औसत आय |
| देश A | 10500 | 9800 | 9500 | 10000 | 10500 | ? |
| देश B | 6000 | 6000 | 6000 | 6000 | 50000 | |

विकल्प :

(a) 9500 (b) 10000

(c) 10500 (d) 10060



https://www.evidyarthi.in/

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **37** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper comprises **six** sections – **Sections A**, **B**, **C**, **D**, **E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **20** are MCQs of **1** mark each.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **21** to **24** are very short answer type questions, carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **25** to **29** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **30** to **33** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **34** to **36** are case-based questions with three sub-questions and are of **4** marks each.*

*(viii)* ***Section F** – Question no. **37** is map-based, carrying **5** marks with two parts, **37(a)** from History (**2** marks) and **37(b)** from Geography (**3** marks).*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. **Only one of the choices** in such questions has to be attempted.*

*(x)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A
## (Multiple Choice Questions) *(20×1=20)*

**1.** Read the given data in the table and find out the average monthly income of Country A. Choose the correct option.

| Monthly Income of Citizens of Two Countries (in Rupees) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | Average Income |
| Country A | 10500 | 9800 | 9500 | 10000 | 10500 | ? |
| Country B | 6000 | 6000 | 6000 | 6000 | 50000 | |

Options :

(a) 9500 (b) 10000

(c) 10500 (d) 10060


https://www.evidyarthi.in/

2. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकतांत्रिक सरकार के विषय में सही ***नहीं*** है ?

(a) लोकतांत्रिक सरकार वैध शासन है ।

(b) लोकतांत्रिक सरकार ज़िम्मेवार सरकार है ।

(c) लोकतांत्रिक सरकार लोगों की सरकार है ।

(d) यह गलतियों के सुधार का अवसर नहीं देती है ।

3. दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* भारत में बहुदलीय व्यवस्था है ।

*कारण (R) :* इसका कारण है कि भारत में सामाजिक और भौगोलिक विविधताएँ हैं ।

विकल्प :

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

4. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) संविधान धर्म के आधार पर किए जाने वाले किसी प्रकार के भेदभाव को रोकता है ।

(b) संविधान हमें किसी भी धर्म के पालन करने, प्रचार करने और न पालन करने की आज़ादी देता है ।

(c) भारतीय संविधान धार्मिक समुदायों में समानता सुनिश्चित करने के लिए शासन को धार्मिक मामलों में दखल देने का अधिकार देता है ।

(d) संविधान के अनुसार धर्म को कभी भी राजनीति से पृथक नहीं किया जा सकता है ।


https://www.evidyarthi.in/

2. Which one of the following is ***not*** true about a democratic government ?

(a) Democratic government is a legitimate government.

(b) Democratic government is a responsive government.

(c) Democratic government is the people's own Government.

(d) It does not allow room to correct mistakes.

3. There are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option as your answer :

*Assertion (A) :* India has a multiparty system.

*Reason (R) :* It is because of the social and geographical diversities in India.

Options :

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

4. Which one of the following statements is ***not*** true ?

(a) The Constitution prohibits discrimination on the grounds of religion.

(b) The Constitution allows us to practice, profess and propagate any religion or not to follow any.

(c) The Constitution of India allows the state to intervene in the matters of religion in order to ensure equality within religious communities.

(d) As per the Constitution, religion can never be separated from politics.


https://www.evidyarthi.in/

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सिद्ध करता है कि भारत एक अर्ध-संघीय राज्य है ?

I. केन्द्र के पास अधिक शक्तियों का होना

II. 'बाकी बचे' विषय केन्द्र के पास

III. केन्द्र और राज्यों के बीच विषयों का समान वितरण

IV. करेंसी और रेलवे केन्द्र के पास

विकल्प :

(a) I, III और IV

(b) I, II और IV

(c) II, III और IV

(d) I, II और III

**6.** सन् 1956 में पारित अधिनियम द्वारा श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा आधिकारिक घोषित की गई थी ?

(a) तमिल

(b) सिंहली

(c) हिन्दी

(d) अंग्रेज़ी

**7.** झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों में भूमि क्षरण के मुख्य कारण का उल्लेख कीजिए ।

(a) अति चराई

(b) खनन

(c) अति सिंचाई

(d) खनन प्रक्रिया

**8.** वन्यजीव रक्षण अधिनियम कब लागू किया गया था ?

(a) 1972

(b) 1978

(c) 1980

(d) 1985

**9.** सही युग्म का चयन कीजिए ।

(a) आदिकालीन निर्वाह कृषि — भूमि के बड़े-बड़े टुकड़ों पर की जाती है

(b) गहन निर्वाह कृषि — एकल फसल उत्पादक कृषि की जाती है

(c) वाणिज्यिक कृषि — आधुनिक निवेशों का अधिक मात्रा में उपयोग होता है

(d) रोपण कृषि — भूमि के छोटे भू-भाग पर की जाती है



https://www.evidyarthi.in/

5. Which one of the following options prove that India is a quasi-federal state ?

I. More powers with Centre

II. Residuary subjects with Centre

III. Equal subjects with Centre and States

IV. Currency and Railways with Centre

Options :

(a) I, III and IV

(b) I, II and IV

(c) II, III and IV

(d) I, II and III

6. Which one of the following languages was declared as the official language of Sri Lanka by an Act passed in 1956 ?

(a) Tamil

(b) Sinhala

(c) Hindi

(d) English

7. Mention the main reason for land degradation in states like Jharkhand, Chhattisgarh and Odisha.

(a) Over-grazing

(b) Mining

(c) Over irrigation

(d) Mineral processing

8. When was the Wildlife Protection Act implemented ?

(a) 1972

(b) 1978

(c) 1980

(d) 1985

9. Choose the correctly matched pair.

(a) Primitive subsistence farming — practised on large patches of land

(b) Intensive subsistence farming — single crop production farming

(c) Commercial farming — use of higher doses of modern inputs

(d) Plantation farming — practised on small patches of land



https://www.evidyarthi.in/

10. फ्रांसीसी नारी रूपकों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?
   (a) उसका नाम मारीआन था ।
   (b) उसने फ्रांसीसी क्रान्ति में भाग लिया ।
   (c) वह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक थी ।
   (d) उसकी छवि सिक्कों और टिकटों पर अंकित की गई ।

11. निम्नलिखित में से किसने 1928 में बारदोली में किसान आंदोलन का नेतृत्व किया ?
   (a) बाबा रामचंद्र
   (b) जवाहरलाल नेहरू
   (c) सुभाष चंद्र बोस
   (d) वल्लभभाई पटेल

12. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक सबसे पहले गुटेनबर्ग द्वारा छापी गई थी ?
   (a) चैपबुक्स (b) अमर जीवन
   (c) बाइबिल (d) पंचांग

13. निम्नलिखित पहलुओं में ब्रेटन वुड्स व्यवस्था का आधार कौन-सा था ?
   (a) सैनिक व्यवस्था
   (b) सांस्कृतिक व्यवस्था
   (c) आर्थिक व्यवस्था
   (d) ऐतिहासिक व्यवस्था

14. 'सूचना और संचार प्रौद्योगिकी' ने 'वैश्वीकरण' की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस तरीके से सर्वाधिक प्रेरित किया है ?
   (a) दुनिया के देशों तक खाद्य पदार्थों की पहुँच
   (b) दुनिया के देशों तक कच्चे पदार्थों की पहुँच
   (c) दुनिया के देशों तक सेवाओं की पहुँच
   (d) दुनिया के देशों तक तत्काल सूचनाओं की पहुँच

15. कारगिल फूड्स बहुत बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनी है जो भारत में खाद्य तेल की सबसे बड़ी उत्पादक है । यह कंपनी निम्नलिखित में से किस देश की है ?
   (a) भारत
   (b) फ्रांस
   (c) ग्रेट ब्रिटेन
   (d) संयुक्त राज्य अमेरिका


https://www.evidyarthi.in/

10. Which one of the following is ***not*** true about the female allegory of France ?

(a) She was named Marianne.

(b) She took part in the French Revolution.

(c) She was a symbol of national unity.

(d) Her images were marked on coins and stamps.

11. Who among the following led the peasant movement in Bardoli in 1928 ?

(a) Baba Ramchandra

(b) Jawaharlal Nehru

(c) Subhash Chandra Bose

(d) Vallabhbhai Patel

12. Which one of the following books was printed first by Gutenberg ?

(a) Chapbooks (b) Amar Jivan

(c) Bible (d) Almanac

13. Which one of the following aspects was the base of the Bretton Woods system ?

(a) Military system

(b) Cultural system

(c) Economic system

(d) Historical system

14. In which one of the following ways has 'information and communication technology' stimulated the 'globalisation' process the most ?

(a) Access foods across countries

(b) Access raw material across countries

(c) Access services across countries

(d) Access information instantly across countries

15. Cargill Foods, a very large MNC, is the largest producer of edible oil in India. Which one of these countries does it belong to ?

(a) India

(b) France

(c) Great Britain

(d) United States of America



https://www.evidyarthi.in/

16. भारत में निम्नलिखित संगठनों में से कौन करेंसी नोट निर्गमित करता है ?

(a) भारत की केंद्रीय सरकार

(b) नीति आयोग

(c) वित्त मंत्रालय

(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

17. 'A', जयपुर के एक वस्त्र निर्यात करने वाले उद्योग का एक श्रमिक है । वह स्वास्थ्य बीमा, भविष्य निधि, चिकित्सा अवकाश, आदि जैसी सुविधाएँ प्राप्त करता है ।

'A' निम्नलिखित क्षेत्रकों में से किसमें कार्य कर रहा है ?

(a) प्राथमिक क्षेत्रक

(b) ग़ैर-सरकारी क्षेत्रक

(c) संगठित क्षेत्रक

(d) असंगठित क्षेत्रक

18. नीचे दी गई तालिका में आँकड़ों का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर सही विकल्प का चयन कर लिखिए ।

कौन-सा सबसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रक है जो लोगों को अधिकतम रोज़गार प्रदान करता है ?

*तालिका – विभिन्न क्षेत्रकों में कामगार (मिलियन में)*

| **क्षेत्रक** | **संगठित** | **असंगठित** | **योग** |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 1 | 231 | 232 |
| द्वितीयक | 41 | 74 | 115 |
| तृतीयक | 40 | 88 | 128 |
| **योग** | **82** | **393** | **475** |

(a) प्राथमिक क्षेत्रक, विशेषकर संगठित क्षेत्रक

(b) द्वितीयक क्षेत्रक, विशेषकर संगठित क्षेत्रक

(c) तृतीयक क्षेत्रक, विशेषकर संगठित क्षेत्रक

(d) प्राथमिक क्षेत्रक, विशेषकर असंगठित क्षेत्रक


https://www.evidyarthi.in/

16. Which among the following organisations issues the currency notes in India ?

(a) The Central Government of India

(b) The NITI Aayog

(c) The Finance Ministry

(d) The Reserve Bank of India

17. 'A' is a worker in a garment export industry of Jaipur. He gets facilities like health insurance, provident fund, medical leave, etc.

In which one of the following sectors is 'A' working ?

(a) Primary sector

(b) Non-Governmental sector

(c) Organized sector

(d) Unorganized sector

18. Study the data given below in the table and answer the question by selecting the correct option.

Which is the most important sector that provides maximum jobs to the people ?

*Table – Workers in different sectors (in millions)*

| Sector | Organized | Unorganized | Total |
|---|---|---|---|
| Primary | 1 | 231 | 232 |
| Secondary | 41 | 74 | 115 |
| Tertiary | 40 | 88 | 128 |
| **Total** | **82** | **393** | **475** |

(a) Primary sector, especially organized sector

(b) Secondary sector, especially organized sector

(c) Tertiary sector, especially organized sector

(d) Primary sector, especially unorganized sector


https://www.evidyarthi.in/

**19.** पता लगाइए कि निम्नलिखित में से किसको धन द्वारा खरीदा नहीं जा सकता है । सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. संक्रामक बीमारियों से पूर्ण सुरक्षा

II. प्रदूषण-मुक्त पर्यावरण

III. उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा

IV. आरामदायक घर

विकल्प :

(a) I और III
(b) III और IV
(c) I और IV
(d) I और II

**20.** बेल्जियम की जनसंख्या के कितने प्रतिशत लोग फ्लेमिश क्षेत्र में रहते हैं ?

(a) 40%
(b) 80%
(c) 59%
(d) 70%

## खण्ड ख

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(4×2=8)*

**21.** उन्नीसवीं सदी में कृषि क्षेत्र में पश्चिमी पंजाब में हुए किन्हीं दो नाटकीय परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए । *2×1=2*

**22.** उन विभिन्न पहलुओं का उल्लेख कीजिए जिनमें महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है । 2

**23.** ग्रामीण क्षेत्रक में अधिक रोज़गार सृजित करने के कोई दो उपाय सुझाइए । *2×1=2*

**24.** (क) 'ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा पैदा करना है ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) ग़ैर-परम्परागत ऊर्जा के संसाधनों का उपयोग करना समय की माँग क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । *2*


https://www.evidyarthi.in/

19. Select which among the following cannot be purchased through money. Choose the correct option :

I. Full protection from infectious diseases

II. A pollution-free atmosphere

III. High quality education

IV. A luxury home

Options :

(a) I and III (b) III and IV

(c) I and IV (d) I and II

20. What percentage of the population of Belgium lives in the Flemish region ?

(a) 40% (b) 80%

(c) 59% (d) 70%

## SECTION B

### (Very Short Answer Type Questions) *(4×2=8)*

21. Explain any two dramatic changes that occurred in West Punjab in the $19^{th}$ century, in the field of agriculture. *2×1=2*

22. Mention different aspects in which women are discriminated against in India. *2*

23. Suggest any two ways to create more employment in the rural sector. *2×1=2*

24. (a) 'Energy saved is energy produced.' Support the statement. *2*

**OR**

(b) Why is there a pressing need to use non-conventional energy resources ? Explain. *2*


https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(5×3=15)*

**25.** भारत में श्रम कानूनों के लचीलेपन के श्रमिकों पर पड़े प्रभावों का वर्णन कीजिए। *3*

**26.** भारत में परिवहन साधन के रूप में रेल के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *3*

**27.** (क) भारतीय अर्थव्यवस्था पर असहयोग आंदोलन के किन्हीं तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। *3×1=3*

**अथवा**

(ख) भारत के लोगों द्वारा रॉलेट ऐक्ट का विरोध किस प्रकार किया गया ? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *3×1=3*

**28.** 'लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य बैठाती हैं।' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। *3*

**29.** लोग संगठित क्षेत्रक में काम करने को प्राथमिकता क्यों देते हैं ? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। *3×1=3*

## खण्ड घ

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×5=20)*

**30.** (क) '1815 में यूरोपीय सरकारें रूढ़िवाद की भावना से प्रेरित थीं।' इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 1848 में यूरोप में उदारवादियों की क्रान्ति के किन्हीं पाँच प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *5×1=5*

**31.** (क) उद्योग किस प्रकार राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहे हैं ? व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) वायु और जल प्रदूषण को कम करने के किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए। *2+3=5*


https://www.evidyarthi.in/

## SECTION C
**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** Describe the impact of flexibility in the labour laws on the workers in India. *3*

**26.** Explain the importance of Railways as a means of transportation in India. *3*

**27.** (a) Explain any three effects of Non-Co-operation Movement on the Indian economy. *3×1=3*

**OR**

(b) How was the Rowlatt Act opposed by the people of India ? Explain with three examples. *3×1=3*

**28.** 'Democracy accommodates social diversities.' Support the statement with examples. *3*

**29.** Why do people prefer to work in the organised sector ? Explain any three reasons. *3×1=3*

## SECTION D
**(Long Answer Type Questions)** *(4×5=20)*

**30.** (a) 'European Governments were driven by a spirit of conservatism in 1815.' Support this statement. *5*

**OR**

(b) Explain any five effects of the revolution of the liberals in Europe in 1848. *5×1=5*

**31.** (a) How are industries contributing to the national economy ? Explain. *5*

**OR**

(b) Explain any five ways to reduce air and water pollution. *2+3=5*


https://www.evidyarthi.in/

32. (क) ऋण किस प्रकार सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) समर्थक ऋणाधार क्या है ? यह ग़रीबों को बैंकों से ऋण लेने से रोकने का मुख्य कारण क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

33. (क) भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष किन्हीं पाँच चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । *5×1=5*

**अथवा**

(ख) राजनीतिक दलों के किन्हीं पाँच प्रमुख कार्यों की व्याख्या कीजिए । *5×1=5*

## खण्ड ङ

## (केस-आधारित प्रश्न) *(3×4=12)*

34. दिए गए उद्धरण का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बेल्जियम यूरोप का एक छोटा-सा देश है, क्षेत्रफल में हमारे हरियाणा राज्य से भी छोटा । इसकी सीमाएँ फ्रांस, नीदरलैंड, जर्मनी और लक्समबर्ग से लगती हैं । इसकी आबादी एक करोड़ से थोड़ी अधिक है यानी हरियाणा की आबादी से करीब आधी । इस छोटे से देश के समाज की जातीय बुनावट बहुत जटिल है । देश की कुल आबादी का 59 फ़ीसदी हिस्सा फ्लेमिश इलाके में रहता है और डच बोलता है । शेष 40 फ़ीसदी लोग वेलोनिया क्षेत्र में रहते हैं और फ्रेंच बोलते हैं । शेष एक फ़ीसदी लोग जर्मन बोलते हैं । राजधानी ब्रूसेल्स के 80 फ़ीसदी लोग फ्रेंच बोलते हैं और 20 फ़ीसदी लोग डच भाषा ।

(34.1) बेल्जियम की जातीय संरचना को स्पष्ट कीजिए । *1*

(34.2) 'जातीय' शब्द की व्याख्या कीजिए । *1*

(34.3) बेल्जियम की सरकार ने अपनी जातीय समस्या को किस प्रकार हल किया ? स्पष्ट कीजिए । *2*

35. दिए गए उद्धरण का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बंबई में पहली कपड़ा मिल 1854 में लगी और दो साल बाद उसमें उत्पादन होने लगा । 1862 तक वहाँ ऐसी चार मिलें काम कर रही थीं । उनमें 94,000 तकलियाँ और 2,150 करघे थे । उसी समय बंगाल में जूट मिलें खुलने लगीं । वहाँ देश की पहली जूट मिल 1855 में और दूसरी 7 साल बाद 1862 में चालू हुई । उत्तरी भारत में एल्गिन मिल 1860 के दशक में कानपुर में खुली । इसके साल भर बाद अहमदाबाद की पहली कपड़ा मिल भी चालू हो गई । 1874 में मद्रास में भी पहली कताई और बुनाई मिल खुल गई ।


https://www.evidyarthi.in/

32. (a) How does credit play a positive and a negative role ? Explain with examples. *5*

**OR**

(b) What is a collateral ? Why is it a main reason to prevent the poor getting a loan from banks ? Explain. *1+4=5*

33. (a) Explain any five challenges faced by political parties in India. *5×1=5*

**OR**

(b) Explain any five major functions of the political parties. *5×1=5*

## SECTION E
## (Case-Based Questions) *(3×4=12)*

34. Read the given extract and answer the questions that follow :

Belgium is a small country in Europe, smaller in area than the state of Haryana. It has borders with France, the Netherlands, Germany and Luxembourg. It has a population of a little over one crore, about half the population of Haryana. The ethnic composition of this small country is very complex. Of the country's total population, 59 per cent lives in the Flemish region and speaks Dutch language. Another 40 per cent people live in the Wallonia region and speak French. Remaining one per cent of the Belgians speak German. In the capital city Brussels, 80 per cent of the people speak French while 20 per cent are Dutch-speaking.

(34.1) Explain the ethnic composition of Belgium. *1*

(34.2) Explain the term 'ethnic'. *1*

(34.3) How did the Belgian Government solve their ethnic problem ? Explain. *2*

35. Read the given extract and answer the questions that follow :

The first cotton mill in Bombay came up in 1854 and it went into production two years later. By 1862, four mills were at work with 94,000 spindles and 2,150 looms. Around the same time, jute mills came up in Bengal, the first being set up in 1855 and another one seven years later, in 1862. In north India, the Elgin Mill was started in Kanpur in the 1860s, and a year later the first cotton mill of Ahmedabad was set up. By 1874, the first spinning and weaving mill of Madras began production.


https://www.evidyarthi.in/

(35.1) पहली कपड़ा मिल भारत में कब स्थापित की गई ? *1*

(35.2) भारत के किन्हीं दो प्रारम्भिक उद्योगपतियों के नाम लिखिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(35.3) भारत के बहुत से व्यवसायी अंग्रेज़ी सरकार के लादे गए कड़े आर्थिक नियंत्रणों के बाद भी किस प्रकार अपना कार्य करते रहे ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**36.** दिए गए उद्धरण का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्राचीन भारत में उत्कृष्ट जलीय निर्माणों के साथ-साथ जल संग्रहण ढाँचे भी पाए जाते थे । लोगों को वर्षा पद्धति और मृदा के गुणों के बारे में गहरा ज्ञान था । उन्होंने स्थानीय पारिस्थितिकीय परिस्थितियों और उनकी जल आवश्यकतानुसार वर्षाजल, भौमजल, नदी जल और बाढ़ जल संग्रहण के अनेक तरीके विकसित कर लिए थे । पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों ने 'गुल' अथवा 'कुल' (पश्चिमी हिमालय) जैसी वाहिकाएँ, नदी की धारा का रास्ता बदलकर खेतों में सिंचाई के लिए बनाई हैं । पश्चिमी भारत, विशेषकर राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए 'छत वर्षा जल संग्रहण' का तरीका आम था ।

(36.1) भारत में प्रयुक्त किए गए किन्हीं दो परंपरागत जल संग्रहण के तरीकों का उल्लेख कीजिए । *1*

(36.2) राजस्थान के लोग वर्षाजल का किस प्रकार उपयोग करते हैं ? *1*

(36.3) वर्षाजल संग्रहण के किन्हीं दो लाभों की व्याख्या कीजिए । *2×1=2*

## खण्ड च

### (मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**37.** (क) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में दो स्थान A और B के रूप में दर्शाए गए हैं । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(i) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा । *1*

(ii) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर, 1920 में हुआ था । *1*


https://www.evidyarthi.in/

(35.1) When was the first cotton mill set up in India ? *1*

(35.2) Name any two early industrialists of India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(35.3) How did many Indian entrepreneurs survive despite tight economic controls imposed by the British Government ? Explain. *2*

**36.** Read the given extract and answer the questions that follow :

In ancient India, along with the sophisticated hydraulic structures, there existed an extraordinary tradition of water-harvesting system. People had an in-depth knowledge of rainfall regimes and soil types and developed wide ranging techniques to harvest groundwater, rainwater, river water and flood water in keeping with the local ecological conditions and their water needs. In hilly and mountainous regions, people built diversion channels like the 'kuls' and 'guls' of Western Himalayas for agriculture. Rooftop rainwater harvesting was very commonly practised to store drinking water, particularly in Rajasthan.

(36.1) Mention any two methods of traditional water-harvesting used in India. *1*

(36.2) How do people of Rajasthan utilise rainwater ? *1*

(36.3) Explain any two benefits of rainwater harvesting. *2×1=2*

## SECTION F

### (Map Skill Based Question) *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places A and B have been marked on the given political outline map of **India** (on page 23). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

(i) The place where Gandhiji broke the salt law. *1*

(ii) The place where the session of the Indian National Congress was held in September, 1920. *1*


https://www.evidyarthi.in/

(ख) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : $3 \times 1 = 3$

(i) टेहरी – बाँध

(ii) बोकारो – कोयले की खानें

(iii) पुणे – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(iv) तूतीकोरिन – समुद्री पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37** के स्थान पर हैं ।* $5 \times 1 = 5$

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा ।

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर, 1920 में हुआ था ।

(37.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ टेहरी बाँध स्थित है ।

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बोकारो कोयला की खानें स्थित हैं ।

(37.5) पुणे सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क किस राज्य में स्थित है ?

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तूतीकोरिन समुद्री पत्तन स्थित है ।



https://www.evidyarthi.in/

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Tehri – Dam

(ii) Bokaro – Coal mines

(iii) Pune – Software Technology Park

(iv) Tuticorin – Sea port

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37****.* *5×1=5*

*Answer any* ***five*** *questions.*

(37.1) Name the place where Gandhiji broke the salt law.

(37.2) Name the place where the Indian National Congress session was held in September, 1920.

(37.3) Name the state where Tehri dam is located.

(37.4) Name the state where Bokaro coal mines are located.

(37.5) In which state is the Pune Software Technology Park located ?

(37.6) Name the state where Tuticorin sea port is located.


https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न सं. 37 के लिए

For question no. 37

